# जो वचन गीता में दिया वो निभाने आजा भजन लिरिक्स

जो वचन गीता में,
दिया वो निभाने आजा,
लाज द्रोपदी की फिर है लुटती,
बचाने आजा,
आजा आजा आजा आजा,
आजा आजा आजा आजा।bd।

तर्ज – प्यार झूठा सही।

---

पाप का दुशाशन फिर से साड़ी,
देखो खिंच रहा,
और कलयुग का,
दुर्योधन कैसे चींख रहा,
आज भी पांडव,
घुटनो में सर दिए बैठे,
आज भी भीष्म और द्रोण,
मौन है कैसे,
फिर से अपनी वो,
लीला गिरधर दिखाने आजा,
लाज द्रोपदी की फिर है लुटती,
बचाने आजा,
आजा आजा आजा आजा,
आजा आजा आजा आजा।bd।

---

तेरी गैया का,
आज कोई रखवाला नहीं,
उसको रोटी का,
टुकड़ा कोई देने वाला नहीं,
पाप का नाग कालिया है,
फन को फैलाए,
आ भी जा मोहन,
देर तुझको नहीं हो जाए,
कलयुग के नाग कालिये को,
नथाने आजा,
लाज द्रोपदी की फिर है लुटती,
बचाने आजा,
आजा आजा आजा आजा,
आजा आजा आजा आजा।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

आज की मीरा,
नाम लेके तेरा रोय रही,
आज की राधा,
कान्हा बाट तेरी जोय रही,
फिर से शिशुपाल,
अपशब्द तुम्हे बोल रहा,
आज भी जयद्रथ,
अशुभ वाणी तुमको बोल रहा,
पापों के कीचक जयद्रथ को,
मिटाने आजा,
लाज द्रोपदी की फिर है लुटती,
बचाने आजा,
आजा आजा आजा आजा,
आजा आजा आजा आजा।bd।

---

दुखो दर्दो की,
बारिश से तुम बचाओगे,
फिर से उंगली पे,
गिरी मोहन तुम उठाओगे,
आज के सुदामा और नरसी,
है पुकार रहे,
मीरा रसखान तेरा,
रस्ता है निहार रहे,
अपने भक्तो को फिर से रस्ता,
दिखाने आजा,
**Bhajan Diary Lyrics,**
लाज द्रोपदी की फिर है लुटती,
बचाने आजा,
आजा आजा आजा आजा,
आजा आजा आजा आजा।bd।

---

जो वचन गीता में,
दिया वो निभाने आजा,
लाज द्रोपदी की फिर है लुटती,
बचाने आजा,
आजा आजा आजा आजा,
आजा आजा आजा आजा।bd।

**Singer – Rakesh Kala**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com